जिलाधिकारी महोदय

उपरोक्तानुसार आप द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 20.01.2026 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कानपुर देहात की बैठक आहूत की गयी थी। बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) एवं समस्त कार्यदायी संस्थाओं को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित पेयजल योजनाओं से सम्बन्धित कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं अन्य आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक का कार्यवृत्त पत्रावली के दाये भाग पर (पताका–ग) संलग्न है।

कृपया पत्रावली पर दाहिने ओर रक्षित राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जीवन मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अधिशासी निदेशक महोदय के पत्र संख्या–2578/Misc(MOM-JJM2.0)/2025-26/Fin-10 दिनांक 12.11.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करना चाहे, जो पत्रावली के दाये भाग पर (पताका–क) संलग्न है। उक्त पत्र मे उल्लेखित है कि पेयजल एंव स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम मे जनपद स्तर पर जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित की जा रही पेयजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा से संबंधित बैठकों के कार्यवृत्तों को D.W.S.M. की आई0डी0 (जिलाधिकारी महोदय की आई0डी0 से) के माध्यम से जे0जे0एम0 2.0 पोर्टल पर अपलोड कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आप द्वारा दिनांक 12.12.2025 को जनपद कानपुर देहात मे जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित की जा रही पेयजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आहूत की गयी थी। उक्त बैठक का कार्यवृत्त जो पत्रावली के दाये भाग पर (पताका–ख) संलग्न है।

उपरोक्तानुसार जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के निर्देशो के क्रम में DWSM बैठक कार्यवृत्त को J.J.M. 2.0 पोर्टल पर अपलोड कराने हेतु सहमति की दशा में हस्ताक्षर करना चाहें।

24/01/26

CDO KD
22.01.2026
मुख्य विकास अधिकारी
कानपुर देहात

(कपिल सिंह)
जिलाधिकारी
कानपुर देहात

# बैठक का कार्यवृत्त।

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को दिनांक 20.01.2026 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कानपुर देहात की बैठक आहूत करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके क्रम में दिनांक 20.01.2026 मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी थी, बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) एवं समस्त कार्यदायी संस्थाओं को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित पेयजल योजनाओं से सम्बन्धित कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं अन्य आवश्यक निर्देश दिये गये। उक्त बैठक का कार्यवृत्त पत्रावली के दाये भाग पर (पताका–ग) संलग्न है। जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

1. श्री टी0आर0 कटारिया, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात।
2. श्री अखण्ड प्रताप गहलोत, सहायक अभियन्ता,
3. टी0पी0आई0 टीम, कानपुर देहात।
4. डी0पी0एम0यू0 टीम कानपुर देहात।
5. श्री रामाराव, मैं0 इण्डियन हूयम पाइप लि0, सहायक महाप्रबन्धक।
6. श्री अनिल मिश्रा, मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0, परियोजना प्रबन्धक।
7. श्री अशीष शर्मा, मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0।
8. श्री सी0पी0 शर्मा मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 परियोजना प्रबन्धक।

समीक्षा बैठक में स्थिति निम्नवत् पाई गयी:–

1. **निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगतिः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कानपुर देहात में कार्यदायी संस्था क्रमशः मैं0 इण्डियन हूयम पाइप लि0, मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0, मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 एवं मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 है। मैं0 इण्डियन हूयम पाइप लि0. के द्वारा वर्तमान तक 122 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 83 नग, मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0 के द्वारा वर्तमान तक 186 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 97 नग, मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0, के द्वारा वर्तमान तक 167 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 30 नग, मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0. के द्वारा वर्तमान तक 29 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 02 नग पेयजल योजनाए इस प्रकार जनपद में कुल 504 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 212 नग योजनाए वर्तमान तक पूर्ण की जा चुकी है। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद अन्तर्गत नामित 04 नग कार्यदायी संस्थाओं में से मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 एवं मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 की प्रगति सन्तोषजनक नही है जिसके दृष्टिगत् प्रगति में तीव्रता प्रदान करने हेतु सम्बन्धित एजेन्सी एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया है।

   साथ ही अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निर्देश दिये गये है कि 212 नग पूर्ण पेयजल योजनाओं की टी0पी0आई0, डी0पी0एम0यू0 टीम एवं जल निगम के द्वारा स्थलीय सत्यापन कर यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि प्रगति में प्रर्दशित सभी योजनाए पूर्ण है।



Scanned with OKEN Scanner

2. **उच्च शिरोपरि जलाशयः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में मैं0 इण्डियन हूयम पाइप लि0 के द्वारा 122 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 121 नग अवर जलाशय पूर्ण, मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0. के द्वारा 180 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 155 नग अवर जलाशय पूर्ण, मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 के द्वारा 167 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 98 नग अवर जलाशय पूर्ण, एवं मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 के द्वारा 29 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 05 नग अवर जलाशय पूर्ण किये गये है इस प्रकार जनपद कानपुर देहात मे कुल 498 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 379 नग अवर जलाशय पूर्ण है। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद अन्तर्गत नामित 04 नग कार्यदायी संस्थाओं में से मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 एवं मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 की प्रगति सन्तोषजनक नही है जिसके दृष्टिगत् प्रगति में तीव्रता प्रदान करने हेतु सम्बन्धित एजेन्सी एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया है।

   तत्कम मे यह भी निर्देश दिये गये है कि मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 एंव मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 के द्वारा कार्यो को गुणवत्ता पूर्वक एंव समयबद्वता के साथ पूर्ण करायें।

3. **नियमित जलापूर्ति पेयजल योजनाः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 504 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 316 नग पेयजल योजनाओं में शिरोपरि जलाशय के माध्यम से एवं 59 नग पेयजल योजनाओं में नलकूप के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। इस प्रकार जनपद कानपुर देहात में 375 नग पेयजल योजनाओं से ग्रामवासियों को जलापूर्ति की जा रही है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि जिन पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति की जा रही है उनमें नियमित रूप से जलापूर्ति उपलब्ध रहे एवं योजना के अन्तिम गृह संयोजन में भी पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें।

4. **आटोमेंशन–इन्ट्रीग्रेशन एवं लाइव कनेक्टेड योजनाएः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त कार्यदायी संस्थाओं को आंवटित 504 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 204 नग पेयजल योजनाओं पर आटोमेंशन–इन्ट्रीग्रेशन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। उक्त के सम्बन्ध मे अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निर्देश दिये कि अवर जलाशय में पानी भरा जाना तो प्रदर्शित हो रहा है परन्तु जलापूर्ति का समय प्रदर्शित नही हो रहा है, जिसका प्राविधान पोर्टल पर किया जाना अति आवश्यक है।

5. **अनुरक्षण एंव संचालन योजनाएः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त कार्यदायी संस्थाओं को आंवटित 504 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष वर्तमान तक 212 नग पेयजल योजनाए पूर्ण कर लिया गया है। 212 नग पूर्ण योजनाओं के सापेक्ष 144 नग योजनाए मे अनुरक्षण एवं संचालन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है जिसको दृष्टिगत् रखते हुये अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिये गये है कि उक्त सभी पूर्ण योजनाओं को अनुरक्षण एवं संचालन के लिये तैयार कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।



Scanned with OKEN Scanner

परियोजनाओं की गहन समीक्षा के उपरान्त उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी निर्देश दिये गये जिसका विवरण निम्नवत् है:–

1. वर्तमान समय मे जिन पेयजल योजनाओं मे ग्रामवासियों को जल आपूर्ति उपलब्ध करायी जा रही है भविष्य मे भी नियमित रूप से जलापूर्ति रहे एंव जलापूर्ति से सम्बन्धित शिकायतो का निराकरण समयान्तर्गत कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।
2. जिन पेयजल योजनाओं पर विद्युत आपूर्ति बाधित है, उसके सम्बन्ध में विद्युत विभाग से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही की जाये।
3. मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 एंव मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 को मैन पावर बढाकर प्रगति बढाने एंव गुणवत्तापूर्ण कार्य कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये।
4. पेयजल योजनाओं में सम्मिलित जो ग्राम हर घर जल घोषित हो गये है उनका हर घर जल प्रमाणीकरण तीव्रतापूर्वक कराये जाने हेतु समस्त एजेन्सियों एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया है।

29/01/26

(कपिल सिंह)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
जनपद–कानपुर देहात।

पत्रांक दिनांक

**प्रतिलिपि–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, कानपुर देहात।
2. अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समीक्षा बैठक के दौरान दिये गये निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।
3. टी0पी0आई0 टीम, कानपुर देहात।
4. डी0पी0एम0यू0 टीम कानपुर देहात।
5. मैं0 इण्डियन ह्यूम पाइप लि0, सहायक महाप्रबन्धक।
6. मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0, परियोजना प्रबन्धक।
7. मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 परियोजना प्रबन्धक।
8. मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 परियोजना प्रबन्धक।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
जनपद–कानपुर देहात।



Scanned with OKEN Scanner